राजकीय महाविद्यालय सराहां में अध्याप

COLLEGE Dinesh 05 Sep, 2023

5 सितंबर 2023 को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर राजकीय महाविद्यालय सराहां में अध्यापक दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर द्वारा सरस्वती माता के चरणों में द्वीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस दौरान विद्यार्थी सोनिका कुमारी तथा साक्षी ने अध्यापक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अध्यापकों को उनका प्रिय हथियार लेखनी अथवा पेन देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय प्राचार्या ने अपने संबोधन में अध्यापक दिवस की बधाई दी तथा सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी आकाश द्वारा प्राचार्या महोदया तथा अन्य सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।